आरडब्ल्यूए कंफेडरेशन जाएगा हाई कोर्ट

एक संवाददाता ॥ फरीदाबाद

कंफेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन ने शहर में पलूशन खत्म करने के लिए कमर कस ली है। कंफेडरेशन ने सभी आरडब्ल्यूए से लेटर लिया है। इसमें पलूशन के कारणों और रोकने के तरीकों का जिक्र है। इन लेटरों की मदद से कंफेडरेशन एक रोड मैप तैयार करके हाई कोर्ट में अपील करेगा कि उसे पलूशन कम करने के लिए काम करने दिया जाए।

कंफेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन के चेयरमैन एन. के. गर्ग ने बताया कि हमने पिछले महीने ही एक मीटिंग की थी जिसमें सभी आरडब्ल्यूए को बुलाया था। इस मीटिंग का मकसद शहर में बढ़ते पलूशन को कम करने के तरीकों पर चर्चा करना था। मीटिंग में फैसला लिया गया था कि सभी सेक्टर की आरडब्ल्यूए अपने अपने एरिया की लिखित रिपोर्ट दे। फरवरी में सभी



▶ पलूशन के खिलाफ आरडब्ल्यूए की जंग

आरडब्ल्यूए से लेटर मिल चुके हैं। सभी ने पलूशन कम करने के लिए बेहद अच्छी राय दी है। इन लेटर की स्टडी करने के बाद एक रोड मैप तैयार किया जा रहा है। अच्छी बातों को निकालकर असाइनमेंट भी तैयार हो रहा है। अब इसे हाई कोर्ट से पास कराया जाएगा। वहां से कुछ पॉइंट्स पर काम करने की इजाजत मिल जाए तो काम अच्छे तरीके से हो सकता है। गर्ग ने बताया कि अप्रैल के आखिर तक हम इस काम को अंजाम तक पहुंचाने में सफल हो जाएंगे।

11/3/11 NBT